लौट कर यीशु क्या नहीं करेगा

मसीह के द्वितीय आगमन के लिए नये नियम में हमें मसीह, स्वर्गदूतों और पवित्र आत्मा की गवाही मिलती है (यूहन्ना 14:3; प्रेरितों 1:11; इब्रानियों 9:28)। मसीह के द्वितीय आगमन के बारे में काफी अनुमान लगाए जाते हैं। इस कारण हम इस प्रश्न पर नकारात्मक अध्ययन करेंगे अर्थात हम उन कुछ बातों पर ध्यान देंगे जो यीशु के आने के समय *नहीं* होंगी।

वह पृथ्वी पर अपना राज्य स्थापित नहीं करेगा

यीशु को सिंहासन पर बैठने के लिए ऊपर उठा लिया गया था (प्रेरितों 2:30, 31), और अब वह राज्य कर रहा है (इब्रानियों 1:3; इफिसियों 1:20)। वह राज्य करने के अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर रहा है।

यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले का प्रचार था कि राज्य ''निकट'' है (मरकुस 1:15)। यीशु ने उन सत्तर चेलों को यह प्रचार करने के लिए कहा था, ''कि परमेश्वर का राज्य तुम्हारे निकट आ पहुंचा है'' (लूका 10:9)। उसने चेलों को राज्य के आने के लिए प्रार्थना करने के लिए सिखाया था (मत्ती 6:10), और उन्हें बताया था कि उनमें से तब तक मृत्यु का स्वाद नहीं चखेंगे जब तक इसे सामर्थ के साथ आते हुए देख न लें (मरकुस 9:1)। यदि ये आयतें सही हैं, तो राज्य आ चुका है।

नये नियम में, बाद में राज्य के अस्तित्व में होने की बात कही गई है (कुलुस्सियों 1:13; इब्रानियों 12:28)। 1 कुरिन्थियों 15 में, द्वितीय आगमन की बात करने के बाद पौलुस ने कहा, ''इस के बाद अन्त होगा; उस समय वह सारी प्रधानता और सारा अधिकार और सामर्थ का अन्त करके राज्य को परमेश्वर पिता के हाथ में सौंप देगा'' (1 कुरिन्थियों 15:24)। पौलुस ने इसी अध्याय में यह भी ऐलान किया, ''क्योंकि जब तक कि वह अपने बैरियों को अपने पांवों तले न ले आए, तब तक उसका राज्य करना अवश्य है। सब से अन्तिम बैरी जो नाश किया जाएगा वह मृत्यु है'' (1 कुरिन्थियों 15:25, 26)।

फिर हम देखते हैं कि मसीह राज्य की स्थापना करने के लिए नहीं आ रहा है। उसका राज्य प्रेरितों 2 अध्याय में दर्ज पिन्तेकुस्त के दिन से अस्तित्व में है। यह राज्य इस संसार का नहीं है। यह आत्मिक राज्य है और मसीह ऊपर स्वर्ग में अपने सिंहासन से इस पर शासन करता है।

वह यहूदियों को ऊंचा नहीं करेगा

बहुत से लोगों के विश्वास के विपरीत, यीशु यहूदियों पर विशेष कृपा करने के लिए नहीं आ रहा है। आप पूछ सकते हैं, ''क्या बाइबल में कुछ आयतें नहीं हैं जिनमें भविष्यवाणी की गई है कि इस्राएली देश को वश में कर लेंगे ?'' उत्तर है ''हां'' परन्तु वे भविष्यवाणियां तो उस समय पूरी हो गई थीं जब इस्राएलियों ने प्रतिज्ञा किए हुए देश पर कब्जा कर लिया था। परमेश्वर ने उन्हें वह देश दे दिया था जिसे देने की प्रतिज्ञा उसने की थी। इस तथ्य की नहेमायाह 9:8 और यहोशू 21:43-45 में ज़ोर देकर घोषणा की गई है। ''सब की सब पूरी हुई'' (यहोशू 21:45)। फिर तो, इन घोषणाओं की ओर वापस जाना, देश की प्रतिज्ञाओं को उद्धृत करना और यह दावा करना कि वे अभी पूरी होनी हैं पवित्र शास्त्र की गलत व्याख्या है।

आप पूछ सकते हैं, ''क्या इस्राएल के देश के बहाल होने की भविष्यवाणियां नहीं हैं ?'' पुन:, उत्तर वही ''हां'' है। इस प्रकार की प्रत्येक भविष्यवाणी बाबुल की दासता, बंदी बनाए जाने के समय, या इस्राएलियों के अपने देश लौटने के समय से पहले की गई थीं। बहाली की प्रतिज्ञाएं उस समय पूरी हो गई थीं जब कुस्त्रु ने इस्राएलियों को छोड़ने का आदेश जारी कर दिया था (2 इतिहास 36:23) और जब वे जरूब्बाबेल, एज्रा, और नहेमायाह की अगुआई में वापस आ गए थे। इस प्रकार बहाली की प्रतिज्ञाओं को उद्धृत करना और उन्हें भविष्य के लिए लागू करना पवित्र शास्त्र को गलत ढंग से इस्तेमाल करना है।

ग्रेट कमीशन अर्थात प्रभु यीशु की महान आज्ञा में सभी देशों को शामिल किया गया है (मत्ती 28:19)। यदि यहूदियों का उद्धार होता है, तो यह परमेश्वर की उद्धार की योजना की शर्तों के अनुसार ही होगा। आज परमेश्वर किसी प्रकार का पक्षपात नहीं करता (प्रेरितों 10:34, 35; इफिसियों 2:14-16); उद्धार की बात में सिर की गिनती नहीं की जाती (गलतियों 3:26-29; रोमियों 2:28, 29; गलतियों 5:6; फिलिप्पियों 3:3)। मसीही लोग परमेश्वर का इस्राएल हैं।

वह उद्धार पाने का एक और अवसर देने के लिए नहीं आएगा

मसीह ताड़ने, चेतावनी देने और उद्धार करने के लिए नहीं आ रहा है। चेतावनी देने और उद्धार करने के लिए वह पहले ही आ चुका है। परमेश्वर हमारे साथ ''इन दिनों के अन्त में'' (इब्रानियों 1:2) अपने पुत्र के द्वारा बात करता है। ''अन्तिम दिन'' मसीही युग

को दर्शाने की एक अभिव्यक्ति है। पिन्तेकुस्त के दिन पतरस ने अपना प्रवचन देते हुए अपने सुनने वालों को समझाया था कि वे ''अन्त के दिनों में'' (प्रेरितों 2:16, 17) रह रहे थे। नये नियम में ''अन्त के दिनों'' की इस अभिव्यक्ति का जगत के अन्त से कोई सम्बन्ध नहीं है अर्थात यह तो केवल संकेत देता है कि यह समय का अन्तिम युग है। इसलिए, यीशु चेतावनी देने के लिए दोबारा नहीं आएगा, बल्कि वह तो ''अन्त के दिनों'' के युग को समाप्त करने के लिए आएगा, जब सब जातियां न्याय के लिए उसके सामने लाई जाएंगी।

सारांश

जब मसीह दोबारा आएगा, तो उद्धार के लिए अवसर का समय समाप्त हो चुका होगा। उन लोगों के लिए जो तैयार नहीं होंगे मसीह उद्धार का कोई और तरीका नहीं निकालेगा।

क्या आप उसके लौटने के लिए तैयार हैं ? इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, उद्धार की उसकी पेशकश को स्वीकार कर लीजिए!